
ई-न्यूज
# 24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, बुधवार 30 अप्रैल 2025
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 2 अंक 38


## देश में आजादी के बाद पहली बार जातिगत जनगणना होगी:बिहार चुनाव से पहले केंद्र का फैसला, आंकड़े 2026-27 में जारी हो सकते हैं




देश में आजादी के बाद पहली बार जाति जनगणना कराई जाएगी। केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को जाति जनगणना को मंजूरी दी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इसे मूल जनगणना के साथ ही कराया जाएगा। देश में इसी साल के आखिर में बिहार विधानसभा के चुनाव होने हैं।

कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल जाति जनगणना कराने की मांग करते रहे हैं। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि जाति जनगणना की शुरुआत सितंबर में की जा सकती है।

हालांकि जनगणना की प्रोसेस पूरी होने में एक साल लगेगा। ऐसे में जनगणना के अंतिम आंकड़े 2026 के अंत या 2027 की शुरुआत में मिल सकेंगे। देश में पिछली जनगणना 2011 में हुई थी। इसे हर 10 साल में किया जाता है।

इस हिसाब से 2021 में अगली जनगणना होनी थी, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसे टाल दिया गया था।

जनगणना फॉर्म में 29 कॉलम, केवल SC-ST की डिटेल

2011 तक जनगणना फॉर्म में कुल 29 कॉलम होते थे। इनमें नाम, पता, व्यवसाय, शिक्षा, रोजगार और माइग्रेशन जैसे सवालों के साथ केवल SC और ST कैटेगरी से ताल्लुक रखने को रिकॉर्ड किया जाता था। अब जाति जनगणना के लिए इसमें एक्स्ट्रा कॉलम जोड़े जा सकते हैं।

जातियों की गिनती के लिए एक्ट में संशोधन करना होगा

जनगणना एक्ट 1948 में एससी- एसटी की गणना का प्रावधान है। ओबीसी की गणना के लिए इसमें संशोधन करना होगा। इससे ओबीसी की 2,650 जातियों के आंकड़े सामने आएंगे। 2011 की जनगणना के अनुसार, 1,270 एससी, 748 एसटी जातियां हैं। 2011 में एससी आबादी 16.6% और एसटी 8.6% थी।

### 2011 में सामाजिक-आर्थिक गणना हुई, आंकड़े जारी नहीं

मनमोहन सिंह सरकार के दौरान 2011 में सामाजिक-आर्थिक और जातिगत जनगणना करवाई गई थी। इसे ग्रामीण विकास मंत्रालय, शहरी विकास मंत्रालय और गृह मंत्रालय ने करवाया था। हालांकि इस सर्वेक्षण के आंकड़े कभी भी सार्वजनिक नहीं किए गए। ग्रामीण विकास मंत्रालय की वेबसाइट पर इसके एससी-एसटी हाउसहोल्ड के आंकड़े ही जारी किए गए हैं।

### शाह ने कहा था- जनगणना 2025 में हो सकती है

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अगस्त 2024 में कहा था कि जनगणना "उचित समय" पर होगी, और यह 2025 में शुरू हो सकती है, जिसमें डेटा 2026 तक प्रकाशित हो सकता है।

### राहुल जाति जनगणना कराने की मांग करते रहे हैं

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 2023 में सबसे पहले जाति जनगणना की मांग की थी। इसके बाद वे देश-विदेश की कई सभाओं और फोरम पर केंद्र से जाति जनगणना कराने की मांग करते रहे हैं।

## पहलगाम में मारे गए शुभम के परिवार से मिले राहुल



राहुल गांधी के यूपी दौरे का बुधवार को दूसरा दिन है। आज उन्होंने पहलगाम हमले में मारे गए कानपुर के शुभम द्विवेदी के परिजनों से मुलाकात की। शुभम की पत्नी ऐशन्या राहुल को देखकर रोने लगीं। इस पर राहुल ने उन्हें गले लगा लिया और सांत्वना दी। शुभम के पिता भी राहुल को देखकर अपने आंसू नहीं रोक पाए।

ऐशन्या ने राहुल को पहलगाम में हुई घटना के बारे में सब कुछ बताया। उन्होंने बताया कि कैसे मेरे पति को आतंकियों ने गोली मार दी। ऐशन्या ने बताया कि हर जगह सुरक्षा की व्यवस्था थी, लेकिन पहलगाम में कोई सिक्योरिटी नहीं थी।

**ऐशन्या ने राहुल गांधी को बताया-** 22 अप्रैल को दोपहर 2.25 बजे हम लोग लंच कर रहे थे। तभी नॉर्मल कपड़ों में एक आतंकी आया। उसने पूछा- हिंदू हो या मुसलमान? हिंदू कहते ही सिर्फ 5 सेकेंड में मेरे पति को गोली मार दी।

**राहुल ने पूछा-** यह सब कितनी देर तक चला? इस पर ऐशन्या ने कहा- करीब 45 मिनट तक आतंकियों ने खून-खराबा किया। वे आराम से लोगों से नाम पूछ-पूछकर उन्हें मार रहे थे। उन्हें यह टारगेट दिया गया था कि पत्नी के सामने पति की हत्या करनी है। वे महिलाओं से कहते थे कि जाकर अपनी सरकार को बताओ। मैं तुम्हारे पति को मार रहा हूं, तुम्हें नहीं मारूंगा।

## गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुले




गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट बुधवार को अक्षय तृतीया के दिन श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। इसके साथ ही करीब 6 महीने तक चलने वाली चार धामयात्रा की विधिवत शुरुआत हो गई।

गंगोत्री में 1 हजार से ज्यादा और यमुनोत्री में 3 हजार से ज्यादा श्रद्धालु पहले दिन दर्शन के लिए पहुंचे हैं।

सबसे पहले आज सुबह मां गंगा की डोली मुखबा से गंगोत्री धाम पहुंची। राजपूताना राइफल्स के बैंड की धुनों के बीच गंगा की पूजा-अर्चना की गई। हेलिकॉप्टर से मंदिर पर फूल बरसाए गए।

गंगोत्री के बाद यमुनोत्री धाम के कपाट सुबह 11:55 बजे खोले गए। इससे पहले यमुना की उत्सव डोली यमुनोत्री धाम पहुंची। पूजा-अर्चना के बाद यमुनोत्री के कपाट खोले गए।

उत्तराखंड के CM पुष्कर सिंह धामी ने भी गंगोत्री-यमुनोत्री धाम पहुंचकर पूजा-अर्चना की। गंगोत्री-यमुनोत्री के बाद अब 2 मई को केदारनाथ और 4 मई को बद्रीनाथ धाम के कपाट खोले जाएंगे।

## केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का किया पुनर्गठन , पूर्व रॉ प्रमुख आलोक जोशी संभालेंगे कमान



नई दिल्लीः केंद्र सरकार ने बुधवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का पुनर्गठन किया और पूर्व रॉ प्रमुख आलोक जोशी को इसका अध्यक्ष नियुक्त किया. बोर्ड के अन्य सदस्यों में पूर्व पश्चिमी वायु सेना कमांडर एयर मार्शल पीएम सिन्हा, पूर्व दक्षिणी सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एके सिंह और रियर एडमिरल मोंटी खन्ना हैं, जो सैन्य सेवाओं से रिटायर अधिकारी हैं.

इसके अलावा भारतीय पुलिस सर्विस से रिटायर होने वाले राजीव रंजन वर्मा और मनमोहन सिंह और रिटायर आईएफएस वेंकटेश वर्मा को भी सात सदस्य वाले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड में शामिल किया गया है.

इस संबंध में प्रसिद्ध सुरक्षा विशेषज्ञ (सेवानिवृत्त) ब्रिगेडियर बीके खन्ना ने ईटीवी भारत से कहा, "राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का पुनर्गठन केंद्र सरकार द्वारा लिया गया एक अच्छा निर्णय है. कई वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों से युक्त नए निकाय को राष्ट्रीय सुरक्षा पर विशेषज्ञता हासिल है और इससे निश्चित रूप से देश के सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा."

ब्रिगेडियर खन्ना ने कहा कि संशोधित एनएसएबी निश्चित रूप से समकालीन सुरक्षा खतरे को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर सरकार को सुझाव दे सकता है.

## सूरत पुलिस का सर्च ऑपरेशन, 100 से अधिक बांग्लादेशी हिरासत में लिए



सूरतः ऑपरेशन बांग्लादेश के तहत सूरत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. पुलिस तलाशी अभियान के दौरान हिरासत में लिए गए 150 संदिग्धों में से 100 से अधिक बांग्लादेशी नागरिक निकले. इन लोगों में महिलाएं भी शामिल हैं.

सूरत पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों की संयुक्त जांच में पता चला कि ये लोग एक एजेंट की मदद से भारतीय सीमा पार कर भारत में घुसे थे. इसके बाद ये लोग सूरत शहर के विभिन्न इलाकों में छिपकर रह रहे थे. वहीं 50 अन्य संदिग्धों के मोबाइल फोन पर बांग्लादेशी नंबर और चैट पाए गए हैं. इन मोबाइलों को जब्त कर लिया गया है.

पुलिस, वायुसेना, बीएसएफ, नौसेना, राज्यों और केंद्रीय खुफिया ब्यूरो सहित एजेंसियों ने इन लोगों से संयुक्त पूछताछ की. फिलहाल, हिरासत में लिए गए सभी बांग्लादेशियों को सूरत के एक भिक्षुक गृह में रखा गया है. उनकी पहचान सत्यापित करने के लिए दस्तावेज सत्यापन पूरा हो गया है.

बता दें कि सूरत के ग्रामीण इलाकों में एजेंसियों की विशेष टीमें भी तैनात की गई हैं. इसके तहत अन्य संदिग्धों की तलाश की जा रही है. सूरत पुलिस प्रमुख के अनुसार यह ऑपरेशन अभी भी जारी है.

गौरतलब है कि पहली बार सूरत में इतनी बड़ी संख्या में बांग्लादेशियों को पकड़ा गया है. पूरे ऑपरेशन के दौरान सूरत पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों के बीच निरंतर समन्वय बनाकर कार्रवाई की जा रही है.

सूरत ग्रामीण क्षेत्र में पकड़े गए संदिग्ध बांग्लादेशियों के संबंध में सूरत ग्रामीण एलसीबी, पीआई, आर.बी भटोल ने कहा, 'सूरत के ग्रामीण इलाकों से कुल 239 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया. इनमें से अब तक 60 के बांग्लादेशी होने की पुष्टि हो चुकी है. सभी से गहन पूछताछ शुरू हो गई है. इससे गिरफ्तार बांग्लादेशियों के आंकड़े में इजाफा हो सकता है.

## विशाखापट्टनम में बारिश से नरसिंह स्वामी मंदिर की दीवार गिरी:20 फीट लंबी दीवार गिरने से 7 श्रद्धालुओं की मौत, 4 घायल; जांच के आदेश



आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में मंगलवार रात श्री वराह लक्ष्मी नरसिंह स्वामी मंदिर की दीवार का 20 फीट लंबा हिस्सा गिर गया। हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई और 4 घायल हो गए।

मंदिर में चंदनोत्सव चल रहा था। यह हर साल मनाया जाता है। इसमें हजारों श्रद्धालु भगवान नरसिंह के दर्शन के लिए आते हैं। अधिकारियों के मुताबिक, हादसा देर रात 2:30 से 3:00 बजे के बीच तेज बारिश के कारण हुआ। कलेक्टर हरेंद्र प्रसाद ने बताया कि NDRF और SDRF ने रेस्क्यू पूरा कर लिया है।

राज्य की गृह और आपदा प्रबंधन मंत्री वंगलापुड़ी अनिता भी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचीं और हालात का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि घायलों के इलाज और राहत-बचाव में कोई कोताही न हो। घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक व्यक्त किया है। PM ने कहा, 'लोगों की मौत की खबर से बहुत दुखी हूं। यही कामना है, घायल जल्द ठीक हों।' प्रधानमंत्री राहत कोष (PMNRF) से मृतकों के परिजनों को 2 लाख और घायलों को 50,000 की सहायता राशि दी जाएगी।

## इंडियन ऑयल का मुनाफा 153% बढ़कर 7,265 करोड़:कमाई 1% कम होकर 2.19 लाख करोड़, 3 रुपए प्रति शेयर मुनाफे में हिस्सा देगी कंपनी




24 न्यूज अपडेट

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (IOC) ने वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही (Q4FY25) में 2,18,899 करोड़ रुपए की कुल कमाई की है। यह पिछले साल के मुकाबले 1.19% कम है। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी ने 2,21,533 करोड़ रुपए की कमाई की थी। वहीं, पिछली तिमाही के मुकाबले इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है। कुल कमाई में से सैलरी, टैक्स, कच्चे माल की कीमत जैसे खर्चे निकाल दें तो कंपनी के पास 7,265 करोड़ रुपए शुद्ध मुनाफे (स्टैंडअलोन नेट प्रॉफिट) के रूप में बचे।

पिछली तिमाही यानी अक्टूबर-दिसंबर के मुकाबले यह 153% ज्यादा है। वहीं, सालाना आधार (2024 के जनवरी-मार्च) पर 50.17% बढ़ा है।

### रेवेन्यू 1% घटकर 2.18 लाख करोड़ रहा

चौथी तिमाही में इंडियन ऑयल ने अपने संचालन और प्रोडक्ट-सर्विस बेचकर 2,17,725 करोड़ रुपए का राजस्व यानी रेवेन्यू जनरेट किया। सालाना आधार पर यह 1% कम हुआ है। जनवरी-मार्च 2024 में कंपनी ने 2,19,876 करोड़ रुपए का रेवेन्यू जनरेट किया था।

## अक्षय तृतीया पर गोल्ड-सिल्वर के रेट में गिरावट:अक्षय तृतीया पर सोना 1,650 सस्ता हुआ, एक्सपर्ट्स ने दी और गिरावट की चेतावनी



24 न्यूज़ अपडेट

आज यानी 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर सोने और चांदी में गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,650 गिरकर 94,361 पर आ गया है। इससे पहले 10 ग्राम सोने की कीमत 96,011 थी।

वहीं, एक किलो चांदी की कीमत आज 3,276 कम होकर 94,114 प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी का भाव 97,390 प्रति किलो था। एक्सपर्ट्स के अनुसार मुनाफा वसूली के कारण ये गिरावट देखने क को मिली है।

बीते दिनों सोने-चांदी की कीमतें बढ़ने के बाद अब निवेशक अपना गोल्ड बेचकर मुनाफा कमा रहे हैं। एक्सपर्ट्स के अनुसार आने वाले दिनों में शॉर्ट टर्म में सोने-चांदी में और गिरावट देखने को मिल सकती है। इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 का और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

## सेंसेक्स 46 अंक गिरकर 80,242 पर बंद:निफ्टी में भी 2 अंक की गिरावट रही, बजाज फिनसर्व और बजाज फाइनेंस के शेयर 5% टूटे




24 न्यूज अपडेट

हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन आज यानी 30 अप्रैल को शेयर बाजार में मामूली गिरावट रही। सेंसेक्स 46 अंक गिरकर 80,242 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 2 अंक की गिरावट रही, ये 24,334 बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 में गिरावट रही। आज फाइनेंशियल और बैंकिंग शेयर्स में ज्यादा गिरावट देखने को मिली। बजाज फिनसर्व और बजाज फाइनेंस के शेयर 5% से ज्यादा गिरे हैं।



# स्टेट क्राइम ब्रान्च की कार्रवाई : पाली जिले के रोहट क्षेत्र में बाईक सवार से 3.053 किलो अफीम का दूध किया बरामद

## 15 लाख रुपए आंकीं गई है कीमत, प्रतापगढ़ से जोधपुर सप्लाई करने जा रहा था बाइक की पेट्रोल की टंकी के नीचे बनाये हुए गुप्त स्थान में छुपा रखा था मादक पदार्थ




**24 न्यूज़ अपडेट**

जयपुर 30 अप्रैल। पुलिस मुख्यालय क्राइम ब्रांच की टीम की सूचना पर पाली जिले की रोहट थाना पुलिस ने पणिहारी चौराहे पर एक बाइक सवार तस्कर कृष्णपाल सिंह सिसोदिया पुत्र मोहन सिंह (35) निवासी गर्दोडी, थाना रठाजना जिला प्रतापगढ को गिरफ्तार कर बाइक की पेट्रोल टंकी के नीचे बने गुप्त स्थान में छुपा कर रखा 3.053 किलो अफीम का दूध बरामद किया है। जब्त मादक पदार्थ की कीमत करीब 15 लाख रुपए आंकी गई है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध दिनेश एम एन के निर्देशानुसार पुलिस मुख्यालय से क्राइम ब्रान्च की स्पेशल टीम द्वारा लगातार अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरूद्ध बडी-बडी कार्रवाइयां की जा रही है। इसके लिये डीआईजी योगेश यादव व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिद्धान्त शर्मा के सुपरविजन एवं इंस्पेक्टर रामसिंह के नेतृत्व में हैड कांस्टेबल महेश कुमार, महावीर सिंह, कांस्टेबल गोपीराम व चालक दिनेश चन्द्र को आसूचना संकलन के लिए रवाना किया गया था।

एडीजी एमएन ने बताया कि आसूचना संकलन के दौरान सोमवार टीम के सदस्य कांस्टेबल गोपीराम को सूचना मिली कि एक व्यक्ति बाईक द्वारा प्रतापगढ से जोधपुर की तरफ अवैध मादक पदार्थ लेकर जाता है। इस सूचना को टीम द्वारा विकसित किया जाकर स्थानीय पुलिस थाना रोहट को अवगत कराया गया।

पाली जिले की थाना रोहट पुलिस ने क्राइम ब्रान्च की सूचना पर पणिहारी चौराहे पर सन्दिग्ध बाइक को रुकने का इशारा किया तो चालक रोहट कस्बे की और भागने लगा। जिसका पीछा कर पुलिस ने ओम बन्ना थान सरहद बाण्डाई पर बाइक सवार को घेर कर रुकवाया। दो स्वतंत्र गवाह की मौजूदगी में तलाशी ली गई तो बाइक की पेट्रोल की टंकी के नीचे बनाए गए एक गुप्त बॉक्स में मिली पारदर्शी थैली से 3.053 किलो ग्राम अफीम का दूध मिला।

बरामद कुल 3.053 किलोग्राम अवैध अफीम का दूध और बाइक जब्त कर एनडीपीएस एक्ट का मुकदमा दर्ज कर आरोपी तस्कर कृष्णपाल सिंह सिसोदिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसके गांव के मुकेश पाटीदार पुत्र अंबालाल ने उसे अफीम का दूध जोधपुर में सप्लाई देने के लिए भेजा था। मामले में अग्रिम अनुसंधान थाना सदर पाली द्वारा किया जा रहा है।

उपरोक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में हैड कांस्टेबल महावीर सिंह व कांस्टेबल गोपीराम की विशेष भूमिका, कांस्टेबल सोहन देव व गंगाराम का विशेष तकनीकी सहयोग रहा। टीम के सदस्य एसआई प्रताप सिंह, एएसआई बनवारी लाल, हैड कांस्टेबल महेश सोमरा, हेमन्त शर्मा, कांस्टेबल जितेन्द्र कुमार, देवेन्द्र सिंह, गोपाल धाबाई व विजय सिंह का सराहनीय योगदान रहा

**स्थानीय पुलिसः** थानाधिकारी थाना रोहट पाना चौधरी मय जाप्ता व थाना सदर पाली।

# नीट-यूजी 2025 परीक्षा के पेपर लीक के नाम पर हो रही साइबर ठगी

**24 न्यूज़ अपडेट**

जयपुर 30 अप्रैल। नीट-यूजी 2025 परीक्षा के पेपर लीक के नाम पर हो रही साइबर ठगी के संबंध में एक एडवाइजरी जारी की गई है। राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड एवं राजस्थान साइबर क्राइम शाखा ने छात्रों और अभिभावकों को ऐसे धोखेबाजों से सावधान रहने की सलाह दी है जो नीट-यूजी का पेपर लीक होने का दावा करके पैसे ठगने की कोशिश कर रहे हैं। इसमें स्पष्ट किया है कि इस परीक्षा की प्रक्रिया अत्यंत सुरक्षित और गोपनीय है और पेपर लीक होने की कोई संभावना नहीं है।

महानिदेशक पुलिस साइबर क्राइम हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने एवं आमजन में साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से राज्य में लगातार प्रयास किये जा रहे है।इसी क्रम में देशभर में आयोजित होने वाली नीट-यूजी, 2025 परीक्षा का पेपर लीक / प्राप्त करने की भ्रामक सूचनाओं से अभिभावकों से लाखों रूपये ठगने के तरीके टेलीग्राम एप्प व अन्य सोश्यल मीडिया के माध्यम से अपनाये जा रहे हैं। डीजी प्रियदर्शी ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के लिए देशभर में आगामी 4 मई को नीट यूजी 2025 परीक्षा आयोजित होने जा रही है। परीक्षा से पहले टेलीग्राम एप्प व सोशल मीडिया पर कथित पेपर लीक / प्राप्त करने से संबंधी भ्रामक सूचनाओं ने छात्रों और अभिभावकों के बीच चिंता बढ़ा दी है। नीट लीक पेपर के नाम पर अभिभावकों से लाखों रुपए वसूलने/ठगने के लिए साईबर ठग भ्रामक संदेशों के जरियें छात्रों व उनके अभिभावकों को फंसाकर प्रिंटिंग प्रेस से पेपर लीक कराने, टॉप रैंकर्स और कोचिंग सेंटरों आदि के नामों से धोखाधड़ी कर लोगों को अपने जाल में फंसाने का प्रयास कर रहे हैं।

### फ्रॉड करने वाले टेलीग्राम ग्रुपः-

नीट यूजी 2025 परीक्षा से पहले टेलीग्राम एप्प पर कथित पेपर लीक के नाम पर धोखाधड़ी के टेलीग्राम चैनल बनाये गए है। जैसे "नीट पीजी लीक्ड मेटिरियलस" के नाम से एक चैनल संचालित था, जिसमें लगभग 20,600 सदस्य जुड़े हुए थे। यह चैनल नीट पीजी 2024 परीक्षा के लिए कथित लीक पेपर बेचने का दावा कर रहा था। इन चैनलों में स्कैमर्स विद्यार्थियों से 50 से 70 हजार रुपए तक की राशि मांग रहे हैं।

साईबर ठग पेपर लीक की गारंटी देने के लिए प्रिंटिंग प्रेस, टॉप रैंकर्स और कोचिंग सेंटरों के नाम का उल्लेख करते हैं। राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (NTA) एवं साइबर क्राइम शाखा ने स्पष्ट किया है कि ये सभी दावे फर्जी एवं झूठे हैं और छात्रों को ऐसे चैनलों से सावधान रहने की सलाह देते हुए किसी अनजान व्यक्ति या वेबसाइट जो नीट परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक करने का दावा करते हैं को पैसे ना देने के लिए कहा है। साथ ही व्यक्तिगत जानकारी जैसे रोल नंबर, पासवर्ड या बैंक विवरण भी किसी के साथ शेयर ना करने के लिए आगाह किया है

डीजी प्रियदर्शी ने बताया कि इस संबंध में आमजन को सूचित किया जाता हैं कि ऐसे भ्रामक टेलीग्राम चैनल या एप्स व सोश्यल मीडिया जो पेपर लीक का दावा करते हैं, उनकी जानकारी राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड एवं साइबर क्राइम शाखा को देवे। संबंधित संदिग्ध स्क्रीनशॉट, ग्रुप लिंक, बैंक अकाउंट, यूपीआई आईडी व वॉलेट डिटेल की सूचना साइबर हेल्प लाईन नम्बर 1930, साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल https://cybercrime.gov.in या निकटतम पुलिस स्टेशन / साइबर पुलिस स्टेशन को देवे।

# राजस्थान में कल से आवेदन में करेक्शन-फॉर्म विड्रॉ करने आदेशःजुलाई में होंगे विभिन्न एग्जाम, RPSC ने दिया मौका, 7 मई लास्ट डेट




**24 न्यूज़ अपडेट**

राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) जुलाई 2025 में विभिन्न पदों के लिए भर्ती परीक्षाओं का आयोजन करेगा। आयोग ने अभ्यर्थियों को 1 से 7 मई 2025 तक आवेदन में ऑनलाइन संशोधन का मौका दिया है। हालांकि नाम, पिता का नाम, फोटो, जन्म तिथि और जेंडर में कोई बदलाव नहीं किया जा सकेगा।

आयोग सचिव रामनिवास मेहता के अनुसार परीक्षाओं का कार्यक्रम इस प्रकार हैः

7 जुलाईः तकनीकी सहायक भू-भौतिकी और बायोकेमिस्ट

8 जुलाईः कनिष्ठ रसायनज्ञ और सहायक परीक्षण अधिकारी

9 जुलाईः सहायक निदेशक (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी)

10 जुलाईः अनुसंधान सहायक (मूल्यांकन) संशोधन प्रक्रियाः

शुल्कः 500 रुपए (ई-मित्र/ ऑनलाइन बैंकिंग द्वारा)

वेबसाइटः rpsc.rajasthan.gov.in

**तकनीकी सहायताः**

9352323625, 7340557555

ईमेलः recruitmenthelpdesk@rajasthan.gov.in

**विशेषः** अपात्र आवेदकों को आवेदन वापस लेने का मौका दिया गया है। ऐसा न करने पर उन पर IPC की धारा 217 के तहत कार्रवाई की जा सकती है।

वांछित योग्यता न होने पर भी आवेदन करने वाले अभ्यर्थी कर सकेंगे आवेदन विड्रॉ

इन भर्तियों हेतु विज्ञापन अनुसार निर्धारित शैक्षणिक योग्यता अथवा अनुभव धारित नहीं होने के उपरांत भी ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 217 के अंतर्गत एवं आयोग की आगामी भर्ती प्रक्रिया से वंचित करने की कार्यवाही की जा सकती है।

अतः ऐसे अभ्यर्थी भी उक्त अवधि के दौरान अपना ऑनलाइन आवेदन प्रत्याहरित कर सकते हैं। इसके लिए एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर रिक्रूटमेंट पोर्टल का चयन कर माय रिक्रूटमेंट सेक्शन के अन्तर्गत संबंधित परीक्षा के समक्ष उपलब्ध विड्रॉ बटन पर क्लिक कर ऑनलाइन आवेदन वापस लिया जा सकता है।

# शादी में आई 17 वर्षीय किशोरी के साथ 9 लोगों ने किया सामूहिक दुष्कर्म, सभी आरोपी डिटेन




**24 न्यूज़ अपडेट**

झालावाड़ः जिले के अकलेरा थाना क्षेत्र में इंसानियत को शर्मसार करने वाला एक गंभीर मामला सामना आया है. यहां मंगलवार रात शादी समारोह में अपने परिजनों के साथ पहुंची 17 साल की किशोरी के साथ 9 लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दे डाला. सभी आरोपी मौके से फरार हो गए. जब पीड़िता ने घर जाकर परिजनों को आपबीती सुनाई तब जाकर पूरे मामले का खुलासा हुआ. इसके बाद पीड़िता तथा उसके परिजनों ने बुधवार को अकलेरा थाने में 9 लोगों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का नामजद मामला दर्ज कराया.

इधर पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस विभाग में भी हड़कम्प मच गया. पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सभी 9 आरोपियों को डिटेन कर लिया है तथा मामले में अनुसंधान किया जा रहा है. इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने बताया कि मंगलवार देर रात पीड़िता उसके परिजनों के साथ एक शादी समारोह में पहुंची थी. इसी दौरान नजदीक के खेत में किशोरी शौच करने गई थी. इसी दौरान खेत में आरोपियों ने उसे घेर लिया तथा 9 लोगों ने बारी-बारी से सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दे डाला.

उन्होंने बताया कि पीड़िता ने 9 लोगों के खिलाफ नामजद शिकायत दी है. पुलिस ने सभी 9 आरोपियों को डिटेन कर लिया है. ऋचा तोमर ने कहा कि मौके पर एफएसएल की टीम साक्ष्य जुटा रही है. वहीं पीड़िता का मेडिकल बोर्ड से मेडिकल एग्जामिनेशन की कार्रवाई की जा रही है. एसपी ने बताया कि पीड़िता की तबीयत ठीक है. मेडिकल एग्जामिनेशन के बाद आरोपियों पर कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी.

# पाकिस्तान ने इंटरनेशनल बॉर्डर पर चौकियां खाली कीं, झंडे उतारे; पूर्व रॉ प्रमुख आलोक जोशी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड के नए चेयरमैन नियुक्त, सेना को फ्री-हैंड दिया



**24 न्यूज़ अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, नेशनल डेस्क। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान सीमा पर सुरक्षा संबंधी गतिविधियों में अचानक तेज़ी आ गई है। जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के प्रग्याल इलाके से मिली ताजा तस्वीरों में देखा गया कि पाकिस्तानी सेना ने इंटरनेशनल बॉर्डर पर कई चौकियां खाली कर दी हैं, और इन पर लहराते झंडे भी हटा दिए गए हैं। सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक, यह कार्रवाई भारत की कड़ी प्रतिक्रिया और रणनीतिक तैयारियों को देखते हुए की गई है। अब आतंकवाद पर कड़ा और निर्णायक रुख अपनाया जाएगा। वहीं, पाकिस्तान की ओर से बॉर्डर चौकियां खाली करना और झंडे उतारना एक रणनीतिक भय या दबाव का संकेत माना जा रहा है। इसी बीच भारत सरकार ने भी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड (NSAB) का पुनर्गठन कर पूर्व रॉ प्रमुख आलोक जोशी को इसका चेयरमैन नियुक्त किया है। बोर्ड में वायुसेना, थलसेना और नौसेना के पूर्व उच्च अधिकारी भी शामिल किए गए हैं, जिनमें एयर मार्शल पीएम सिन्हा, लेफ्टिनेंट जनरल एके सिंह, रियर एडमिरल मोंटी खन्ना, आईपीएस से रिटायर्ड राजीव रंजन वर्मा और मनमोहन सिंह तथा आईएफएस से रिटायर्ड वेंकटेश वर्मा शामिल हैं। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह ने सोशल मीडिया पर हाफिज सईद को धमकी दी है। पोस्ट में लिखा है – "तुमने हमारे निर्दोष लोगों को मारा है, अब हम पाकिस्तान में घुसकर एक ऐसा आदमी मारेंगे जो एक लाख के बराबर होगा।"

### पीएम ने सेना को दिया 'फ्री-हैंड'

इससे पहले मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीनों सेनाध्यक्षों, NSA अजीत डोभाल और CDS जनरल अनिल चौहान के साथ करीब डेढ़ घंटे की उच्चस्तरीय सुरक्षा बैठक की। सूत्रों के अनुसार, बैठक में पीएम मोदी ने सेनाओं को आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई के लिए पूरी छूट दी है और कहा है कि सेना ही तय करेगी कि कब, कैसे और कहां हमला किया जाए।

### CCS की लगातार बैठकों से संकेत

सुरक्षा मामलों की कैबिनेट कमेटी (CCS) की दूसरी बैठक भी बुधवार को प्रधानमंत्री आवास पर संपन्न हुई। पहली बैठक 23 अप्रैल को पहलगाम हमले के तुरंत बाद हुई थी। CCS के बाद कैबिनेट कमेटी ऑन पार्लियामेंट्री अफेयर्स, फिर आर्थिक मामलों की कमेटी और अंततः केंद्रीय कैबिनेट की बैठक भी प्रस्तावित है।

### सीमा पर तनाव बरकरार, फायरिंग जारी

पाकिस्तान द्वारा नियंत्रण रेखा (LoC) पर लगातार छठे दिन सीजफायर का उल्लंघन किया गया है। बुधवार को बारामूला और कुपवाड़ा सेक्टर में पाकिस्तानी सेना की फायरिंग का भारत ने करारा जवाब दिया। जम्मू के अखनूर सेक्टर के स्थानीय निवासी अंकुर सिंह ने बताया कि 7–8 साल बाद क्षेत्र में फायरिंग हुई है और अब लोग सतर्क हैं।

### पंजाब सीमा पर एंटी ड्रोन सिस्टम लगेगा

पंजाब सरकार ने बुधवार को घोषणा की कि पाकिस्तान से सटे बॉर्डर पर एंटी ड्रोन सिस्टम तैनात किए जाएंगे। राज्य सरकार के अनुसार, यह निर्णय ड्रग्स और हथियारों की सप्लाई रोकने और सीमा पर किसी भी तरह की घुसपैठ पर निगरानी बढ़ाने के लिए लिया गया है।

### पहलगाम हमले की जांच में NIA को बड़ी सफलता

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) को पहलगाम के बायसरन घाटी में जांच के दौरान 40 कारतूस मिले हैं। फोरेंसिक टीम और CRPF के सहयोग से NIA के अधिकारी जंगलों में साक्ष्य एकत्र कर रहे हैं। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अत्ताउल्लाह तारड़ ने दावा किया है कि भारत अगले 24–36 घंटे में पाकिस्तान पर हमला कर सकता है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में भारतीय छात्रों ने 'पाकिस्तान कॉन्फ्रेंस 2025' में पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल के दौरे का विरोध किया है। उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री को पत्र लिखकर वीजा रद्द करने की मांग की। कश्मीर में सभी होटलों और गेस्ट हाउसेज़ को पर्यटकों का एडवांस बुकिंग अमाउंट लौटाने के निर्देश दिए गए हैं।

# जोधपुर में नकली नोटों की फैक्ट्री पकड़ीः 2 लाख में बेच रहे थे 10 लाख की फेक करेंसी, दो आरोपी गिरफ्तार



**24 न्यूज़ अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, जोधपुर। जोधपुर पुलिस ने 500-500 के जाली नोट छापने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से 7.50 लाख रुपए की नकली करेंसी जब्त की है, जिसे बाजार में खपाने की तैयारी थी। यह कार्रवाई मंगलवार देर रात मंडोर कृषि उपज मंडी क्षेत्र में की गई, जहां आरोपियों ने एक दुकान के ऊपर किराए के कमरे में फर्जी नोट छापने की पूरी फैक्ट्री बना रखी थी।

### 2 लाख में देते थे 10 लाख के जाली नोट

पुलिस के मुताबिक, यह गिरोह नकली नोट बेचने की तय दर पर काम करता था। दो लाख रुपए में 500-500 के 10 लाख रुपए के नकली नोट उपलब्ध कराए जाते थे। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह गिरोह संभवतः बड़े व्यापारियों या असंगठित बाजारों को निशाना बना रहा था। कंप्यूटर, प्रिंटर, स्कैनर से बनाते थे नकली नोट छापेमारी के दौरान पुलिस ने कलर प्रिंटर, स्कैनर, पेपर के पैकेट, कटर, कंप्यूटर सिस्टम और बड़ी मात्रा में छपे हुए नकली नोट जब्त किए हैं। गिरोह के दो सदस्य—श्रवण व्यास (28 वर्ष), निवासी पांचौड़ी, नागौर और बाबूलाल प्रजापत (40 वर्ष), निवासी भावंडा—को हिरासत में लिया गया है। ये दोनों एक किराए के कमरे में यह अवैध धंधा चला रहे थे। डीसीपी आलोक श्रीवास्तव के अनुसार, पिछले कुछ समय से मंडोर मंडी और आस-पास के क्षेत्रों में नकली नोट चलने की सूचना मिल रही थी। इस पर डीएसटी (ईस्ट) प्रभारी श्यामसिंह के नेतृत्व में टीम बनाई गई, जिसमें साइबर विशेषज्ञ भी शामिल थे। कई दिन तक रेकी और तकनीकी निगरानी के बाद कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

### बालसमंद में भी किराए का ठिकाना, नेटवर्क की तलाश जारी

पूछताछ में सामने आया है कि आरोपियों का एक और ठिकाना बालसमंद के मगजी की घाटी क्षेत्र में भी है, जहां पुलिस उन्हें लेकर पहुंची और पूछताछ की। पुलिस अब इस नेटवर्क के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है जो इनसे जाली नोट खरीदकर उन्हें बाजार में चला रहे थे।

# छत से गिरे घायल बालक ने उपचार के दौरान तोड़ा दम, परिजनों ने निजी अस्पताल में की तोड़फोड़



**24 न्यूज़ अपडेट**

शहर के जुबली हॉल के पास स्थित निजी नर्सिंग होम में उस समय हंगामा हो गया, जब एक 10 वर्षीय बालक की इलाज के दौरान मौत हो गई. नाराज परिजनों ने नर्सिंग होम में जमकर तोड़फोड़ की और सड़क पर प्रदर्शन करते हुए रास्ता भी जाम कर दिया. सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को शांत कराया. उप निरीक्षक अशोक कुमार ने बताया मृतक बच्चे के परिजनों ने अस्पताल में काफी तोड़फोड़ की है. अस्पताल प्रबंधन ने रिपोर्ट दी है. मुकदमा दर्ज कर मामले में कानूनी कार्रवाई की जाएगी. बताया जा रहा है कि सहेड़ी गांव निवासी हरिशंकर छत से गिरने से घायल हुए 10 वर्षीय पुत्र किशोर को गंभीर हालत में दर्शन नर्सिंग होम लाया था. बच्चा गिरने से घायल हो गया था. नर्सिंग होम में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए दूसरे बड़े अस्पताल में रेफर करने की सलाह दी. लेकिन कुछ समय बाद बच्चे की मौत हो गई. मौत के बाद परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने नर्सिंग होम में तोड़फोड़ शुरू कर दी. कुछ समय के लिए सड़क जाम कर दी. मृतक बालक के पिता हरिशंकर का आरोप है कि समय रहते सही इलाज नहीं मिलने के कारण उनके बेटे की मौत हुई. वहीं निजी नर्सिंग होम के डॉ मनोज त्यागी ने कहा कि बच्चा पहले से ही गंभीर हालत में लाया गया था. उन्होंने परिजनों को तुरंत उसकी स्थिति से अवगत कराते हुए बाहर रेफर करने को कहा था, लेकिन उन्होंने देर कर दी. बच्चे को हैड इंजरी थी. इसके बावजूद परिजनों ने अस्पताल में तोड़फोड़ की, जिसकी शिकायत कोतवाली थाने में दर्ज कराई जा रही है. डॉक्टर ने बताया परिजनों ने हॉस्पिटल में काफी तोड़फोड़ की है. चिकित्साकर्मियों के भी चोटें आई है.

# देवास से पिछोला व फतहसागर में 2 मई को जल अपवर्तन, नदी-नालों से दूर रहने की चेतावनी जारी



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। वर्तमान ग्रीष्म ऋतु में उदयपुर शहर की पेयजल आवश्यकता की पूर्ति के लिए देवास परियोजना के आकोदड़ा प्रथम, द्वितीय तथा मादड़ी बांधों में संग्रहित जल को आगामी 2 मई को पिछोला एवं फतहसागर झीलों में अपवर्तित किया जाएगा। जल संसाधन विभाग, उदयपुर के अधिषाषी अभियंता महेश चौधरी ने यह जानकारी देते हुए सीसारमा नदी एवं नांदेश्वर टैंक के बहाव क्षेत्र के समस्त निवासियों से अपील की है कि जल प्रवाह के दौरान वे नदी-नालों से दूर रहें तथा अपने मवेशियों को भी वहां न ले जाएं, ताकि किसी प्रकार की जान-माल की हानि न हो।

## पूर्व में जल सम्मेलन के समय हुआ था विशेष जल अपवर्तन

उल्लेखनीय है कि जल सम्मेलन के समय भी देवास परियोजना से मेहमानों को झीलें भरी हुई दिखाने के लिए जल प्रवाह कर पिछोला एवं फतहसागर झीलों में जल अपवर्तन किया गया था। उससे झीलों के पानी के मानकों में परिवर्तन हुआ व प्रशासन को आंकड़ों में खासी राहत मिल गई। प्रशासन का कहना है कि जल छोड़ने की प्रक्रिया नियत समय व दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित की जाएगी, परंतु सुरक्षा के लिए नागरिकों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है।

# खबर का हुआ असर : उदयपुर के महाराणा भोपाल चिकित्सालय में बंद पड़े प्याऊ अब हुए चालू, मरीजों और परिजनों ने ली राहत की सांस



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुरः संभाग के सबसे बड़े अस्पताल महाराणा भोपाल चिकित्सालय में लंबे समय से बंद पड़े प्याऊ आखिरकार चालू कर दिए गए हैं। 24न्यूज़ अपडेट द्वारा खबर दिखाए जाने के बाद हुए प्रभाव के चलते अस्पताल प्रशासन ने त्वरित एक्शन लेते हुए बंद पड़े प्याऊ की मरम्मत करवाई और अब इनमें फिर से पानी आने लगा है। तेज गर्मी में अस्पताल आने वाले मरीजों और उनके परिजनों के लिए यह बड़ी राहत की खबर है। बीते कुछ दिनों से अस्पताल परिसर में पेयजल की भारी किल्लत थी और मरीजों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा था। 24न्यूज़ अपडेट द्वारा इस मुद्दे को उजागर किए जाने के बाद लोगों की आवाज़ प्रशासन तक पहुंची और समस्या का समाधान हुआ। स्थानीय नागरिकों, मरीजों और अस्पताल स्टाफ ने समाचार चैनल का धन्यवाद करते हुए कहा कि मीडिया की सक्रियता से ही उन्हें गर्मी में पीने के पानी जैसी मूलभूत सुविधा वापस मिल सकी है।

# अक्षय तृतीया पर 47 बाल विवाहों पर लगी रोक, उदयपुर जिले में 15 मामलों में की गई कार्रवाई



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाहों की संभावनाओं को देखते हुए उदयपुर संभाग में प्रशासन और सामाजिक संगठनों की सतर्कता ने बड़ा असर दिखाया। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन एलायंस, जिला प्रशासन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाल अधिकारिता विभाग, गायत्री सेवा संस्थान और चाइल्ड हेल्पलाइन के संयुक्त प्रयास से संभागभर में अब तक कुल 47 बाल विवाहों को रोका गया। इन कार्रवाइयों में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम-2006 के तहत न्यायालय से निषेधाज्ञा भी जारी करवाई गई। बाल अधिकार विशेषज्ञ एवं राजस्थान बाल आयोग के पूर्व सदस्य डॉ. शैलेन्द्र पंड्या ने बताया कि जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन एलायंस द्वारा चलाए गए विशेष जागरूकता अभियान में आम नागरिकों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई और बाल विवाह की सूचनाएं प्रशासन तक पहुंचाईं। उन्होंने बताया कि अक्षय तृतीया के दिन उदयपुर जिले में तीन बाल विवाहों को मौके पर रोका गया, जबकि जिलेभर में कुल 15 बाल विवाहों पर कार्रवाई की गई। चित्तौड़गढ़ में 15, प्रतापगढ़ में 13 और सलूम्बर क्षेत्र में 4 बाल विवाह रुकवाए गए। एक मामले में गायत्री सेवा संस्थान द्वारा न्यायालय में दायर परिवाद पर निषेधाज्ञा जारी की गई, जिससे विवाह को रोका जा सका। यह कार्रवाई सामाजिक और कानूनी समन्वय का सशक्त उदाहरण बनी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उदयपुर के सचिव कुलदीप शर्मा ने बताया कि बाल विवाह कराना ही नहीं, बल्कि उसमें किसी भी प्रकार से सहयोग करना भी अपराध की श्रेणी में आता है। विवाह में शामिल होने वाले ढोली, पंडित, मौलवी या सेवा प्रदाता भी कानूनन दोषी माने जाते हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे समाज को बाल विवाह जैसी कुप्रथा से मुक्त करने में प्रशासन का साथ दें और ऐसे मामलों की सूचना तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन या संबंधित अधिकारियों को दें।

# बेटियों को बचाने के लिए लगाए पेड़, वहां अवैध भट्टियां:कोयला बनाने का धड़ल्ले से चल रहा काम, गिली लकड़ियों की गुजरात तक सप्लाई



**24 न्यूज अपडेट**

राजसमंद की पहचान है कि यहां बेटियों के जन्म पर गांव में पौधे लगाए जाते हैं। लेकिन, पिछले कुछ महीने में राजसमंद में अवैध तरीके से लकड़ियों को काटकर उन्हें राजस्थान के बाहर भेजा जा रहा है। इसके अलावा यहां रेलमगरा, कुंवारिया व राजसमंद उपखंड क्षेत्र में अवैध कोयले की भट्टियां चल रही है।

हाल ही में बागोटा, बलियों का गुडा, बड़ारड़ा में अवैध लकड़ियों का स्टॉक पकड़ा गया था। पता चला कि जिले में बड़े स्तर पर अवैध तरीके से लकड़ियों की कटाई कर कोयले की भट्टियां बनाई जा रही है।

इन भट्टियों पर मुंह मांगे दाम पर जिस लकड़ी का कोयला चाहिए वह मिल जाएगा। अकेले राजसमंद में 50 से 60 किलोमीटर के एरिया में 250 से ज्यादा अवैध भट्टियां हैं। यहां काम करने वालों से बात की तो पता चला कि अलग–अलग ग्रुप में इन भट्टियों पर अवैध कोयला बनाने का काम किया जा रहा है।

## अलग-अलग गिरोह है सक्रिय

टीम जिले के जूणदा गांव में पहुंची। यहां भट्टी पर काम करने वाले युवक से बातचीत की तो उसका कहना था कि हमारे ऊपर कोई नहीं हैं। यहां ऐसी कई भट्टियां है। उसने बताया कि यहां कच्चा माल सप्लाई करने से लेकर कोयला बेचने तक के अलग–अलग गिरोह है। भास्कर ने इस दौरान 194 भट्टियों को अपने कैमरे में कैद किया।

# उदयपुर हार्टफुलनेस आश्रम का भव्य उद्घाटनः दाजी ने वर्चुअल रूप से किया लोकार्पण, सत्संग-योग व आध्यात्मिक साधना के केंद्र के रूप में होगा विकसित



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। श्रीरामचंद्र मिशन के संस्थापक पूज्य श्री बाबूजी महाराज के 126वें जन्म दिवस के पावन अवसर पर उदयपुर में हार्टफुलनेस आश्रम के नव निर्मित भवन का वर्चुअल उद्घाटन हुआ। हैदराबाद स्थित 'कन्हा शांति वनम' से मिशन के अध्यक्ष एवं विश्व मार्गदर्शक श्री कमलेश डी. पटेल (दाजी) ने इस आध्यात्मिक केंद्र का उद्घाटन किया। यह शुभ आयोजन अक्षय तृतीया के पुण्य दिवस पर हुआ, जिसने समारोह को अत्यंत आध्यात्मिक गरिमा प्रदान की। नगर के गणमान्य नागरिकों और प्रशिक्षकों की गरिमामयी उपस्थिति उद्घाटन समारोह में हार्टफुलनेस संस्था के मुख्य वास्तुकार विजयभाई व्यास, जयपुर से वास्तुकार अमित खंडेलवाल, सेंटर कोऑर्डिनेटर डॉ. राकेश दशोरा, मुंबई केंद्र से डॉ. अपर्णा, वडोदरा केंद्र से श्रीमती मीनल व्यास, जोनल कोऑर्डिनेटर श्रीमती मधु मेहता, प्रशिक्षिकाएँ अंजलि चावत, अनुपम निधि, आशा शर्मा, रीता नागपाल, महिमा तापड़िया सहित मिशन के कई वरिष्ठ सदस्य, प्रशिक्षक और नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आश्रम के स्वरूप की प्रस्तुति और उद्घाटन शिलालेख का अनावरण आश्रम की आईटी टीम द्वारा भवन की संरचना, सुविधाओं और उद्देश्य की प्रस्तुति पावरपॉइंट के माध्यम से दी गई। मिशन की महिला प्रशिक्षकों एवं विशिष्ट अतिथियों ने उद्घाटन शिलालेख का विधिवत अनावरण किया, जिसमें सभी नामितों की सक्रिय भूमिका रही।

# भीलवाड़ा में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़: हिस्ट्रीशीटर सिकंदर उर्फ लॉटरी घायल, बड़ी वारदात से पहले चार बदमाश गिरफ्तार



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, भीलवाड़ा। हथियार सप्लाई की गुप्त सूचना पर भीलवाड़ा पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई मंगलवार को मुठभेड़ में बदल गई। हमीरगढ़ थाना क्षेत्र में बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी, जिसके जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई। इस कार्रवाई में हिस्ट्रीशीटर सिकंदर पठान उर्फ लॉटरी के पैर में गोली लगी, जिसे उपचार के लिए महात्मा गांधी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। हथियारों के साथ पहुंचे थे बदमाश, पुलिस पर की फायरिंग मामला सुबह का है जब प्रोबेशनर आईपीएस जतिन जैन और थाना प्रभारी संजय गुर्जर को सूचना मिली कि चार बदमाश हथियारों के साथ क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं। पुलिस ने तुरंत नाकाबंदी की और संदिग्ध वाहन को रोकने का प्रयास किया। तभी बदमाशों ने पुलिस पर तीन राउंड फायरिंग की, जिसमें से एक गोली पुलिस वाहन को लगी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में घायल हुआ सिकंदर पुलिस ने जवाब में दो राउंड फायरिंग की, जिसमें एक गोली सिकंदर के बाएं पैर में लगी। उसके साथ मौजूद तीन अन्य बदमाश—जगदीश कुमावत, अजीत खान और प्रहलाद कुमावत को भी मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। चारों को हथियारों के साथ बड़ी वारदात की फिराक में बताया जा रहा है।

कोबरा गैंग के लीडर को बनाना चाहते थे निशाना थाना प्रभारी संजय गुर्जर ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि ये बदमाश कोबरा गैंग के लीडर सुरेंद्र रावत और भीलवाड़ा के दो अन्य व्यक्तियों को निशाना बनाने की योजना में थे। समय पर हुई गिरफ्तारी से एक संभावित बड़ी आपराधिक वारदात टल गई।

## एसपी मौके पर पहुंचे, पूरे जिले में नाकाबंदी

घटना की सूचना मिलते ही एसपी धर्मेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। जिले भर में नाकाबंदी की गई है। अस्पताल में सुरक्षा बढ़ा दी गई है, और घटनास्थल को सील कर जांच शुरू कर दी गई है।

# डूंगरपुर जिले के साबला तहसील के वणवासा गांव में नीलकंठ महादेव की प्रतिष्ठा का चार दिवसीय कार्यक्रम प्रारंभ



**24 न्यूज अपडेट**

डूंगरपुर जिले के साबला तहसील के वणवासा गांव में साबला विजवामाता मुख्य मार्ग पर महादेव मंदिर परिसर में नीलकंठ महादेव का मंदिर बनकर तैयार हो गया है। तीन मई को नविनिर्मित मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मुख्य गांव सहित पांचों फलो के सर्वसमाज के गणमान्यजन की उपस्थिति में 30 अप्रैल से 3 मई तक विभिन्न आयोजन होंगे। इसे लेकर वणवासा ग्राम के सर्वसमाज ने अंतिम तैयारियां पूर्ण कर ली है। कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए सर्व समाज के नवयुवक मंडल के सदस्य जिलें सहित उपखंड क्षेत्र साबला के गांव-गांव में निमंत्रण पत्र देकर आमंत्रित कर रहे है। कार्यकम में हरिमन्दिर साबला के महंत अच्युतानंद जी महाराज एवं नौगामा कल्याण धाम के गादीपति महंत सहित कई साधुसंतों को आमंत्रित किया गया है। दो मई को गांव में 501 कलश के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी, तय कार्यक्रम अनुसार चार दिन तक धार्मिक अनुष्ठान भी होंगे। इसमें गांव के सर्वसमाज के 21 यजमान प्रतिदिन यज्ञकुंड में हवन कार्यक्रम में भाग लेकर आहुति प्रदान कर मंगल कामना करेगें, यह मंदिर करीब 10 माह में बनकर तैयार हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि सर्वसमाज ने एक साल पहले मंदिर निर्माण की योजना बनाई थी व इसमें भामाशाहों ने भी खुलकर सहयोग किया है। इसी क्रम में आचार्य पंडित देवशंकर शास्त्री एवं शिव शंकर चौबीसा ने बताया कि, श्री नीलकंठ महादेव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए मंदिर परिसर में 30 अप्रेल से 3 मई तक विभिन्न अनुष्ठान होंगे। जिसमें पहले दिन आज 30 अप्रैल को हेमाद्रि श्रवण, मंडप प्रवेश, गणपति पूजन, अग्नि स्थापन, सर्व देव आव्हान, कुटीर होम आरती होगी। एक मई को महारुद्र होम, प्रधान पीठ पूजन, मूर्ति न्यास और विधि सम्पन्न के कार्यक्रम होगें। दो मई को सुबह 7.15 बजे 501 गंगा जल कलश के साथ कलश यात्रा निकाली जाएगी जो गांव के प्रमुख रास्तों से गुजरेगी। साथ ही इसी दिन नवचंडी महायज्ञ, मूर्ति स्नपन, शिखर स्नपन एवं वास्तु विधान कार्यक्रम होगा। वहीं तीन मई को शिव परिवार प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा, शिखर व ध्वजादंड स्थापना, नवचंडी महायज्ञ, पूणाहुति और आरती का कार्यक्रम होगा व पूणाहुति के बाद महाप्रसाद एवं भंडारा के साथ महोत्सव का समापन होगा।

# उत्कृष्ट नर्सिंग सेवाओं के चार सीनियर नर्सिंग आंफिसर का स्वागत एवं अभिनंदन



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। राजस्थान नर्सिंग एसोसिएशन उदयपुर के जिला अध्यक्ष पवन कुमार दानाध्यक्ष के नेतृत्व में एमबी हॉस्पिटल के सिनियर नर्सिंग आंफिसर एलियाम्मा अब्राहम,रोसम्मा, दुर्गा सोलंकी व पुष्पा शर्मा का उत्कृष्ट नर्सिंग सेवाओं एवं व्यवहार के लिए माला पहनाकर,शोल ओढ़ाकर, श्रीफल , प्रशंसा पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत व अभिनंदन किया। सम्भागीय अध्यक्ष नरेश पूर्बिया ने बताया कि मुख्य अतिथि नर्सिंग अधीक्षक ओमप्रकाश पालीवाल, द्रौपदा मेघवाल, शारदा गरासिया थी। विशिष्ट अतिथि कार्यवाहक नर्सिंग अधीक्षक अमीन खान , जितेंद्र भटनागर, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत आमेटा, संभागीय अध्यक्ष नरेश पूर्बिया थे। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष परमार ने किया। सभी अतिथियों ने चारों साथियों के कार्यों की खूब प्रशंसा की।कार्यक्रम में महेंद्र सिंह सारंगदेवत ,नारायण सिंह राठौड़, लक्ष्मी नारायण चौहान,,शर्मिला माली, रमेश पंजाबी, विश्वेश्वर त्रिवेदी, मंगला जोशी, मंजू वैष्णव, चंद्र प्रकाश, दिनेश व जगदीश सिसोदिया, अनिल जैन, राजकुमारी सोनी, मोहनलाल सालवी,सकील मोहम्मद, पुष्पा भाटी, कृष्ण अवतार गुप्ता, सुनीता खंडेलवाल, सज्जन राठौर, पुष्पा मालवारी, सुनीता सिंह, गंगा खराड़ी,शिला , देवी लाल शर्मा, अरूणा कुमावत सहित कई सीनियर नर्सिंग ऑफिसर उपस्थित थे ।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से चारवाड़ा पंचायत सचिव की मौत, बलवनिया पंचायत में भी कर रहे थे कार्य, लौटते वक्त हुआ हादसा



**24 न्यूज अपडेट**

डूंगरपुर | डूंगरपुर जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में झोथरी पंचायत समिति के चारवाड़ा और बलवनिया पंचायत के सचिव नितिन कुमार कलासुआ (35) की मौत हो गई। यह हादसा सीमलवाड़ा रोड पर नई सिंटेक्स के आगे जीएसएस के पास हुआ, जब वह कार से अपने घर भिंडा फला माता बुचिया लौट रहे थे। सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी कार को सीधी टक्कर मार दी। पिता ने रिपोर्ट में तेज रफ्तार को बताया हादसे का कारण पुलिस को दी गई रिपोर्ट में नितिन के पिता गोविंदलाल पुत्र धुला कलासुआ निवासी भिंडा फला माता बुचिया ने बताया कि उनका बेटा मंगलवार को कार्यवश डूंगरपुर आया था। रात करीब 10 बजे वह अपनी कार से घर लौट रहा था, तभी सीमलवाड़ा रोड पर यह हादसा हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि नितिन गंभीर रूप से घायल हो गया। गांव के युवक ने अस्पताल पहुंचाया, डॉक्टरों ने मृत घोषित किया घटना के समय गांव का ही जयंतीलाल बाइक से पीछे आ रहा था। हादसा देखकर उसने तुरंत नितिन को निजी वाहन से डूंगरपुर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की जांच

घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को मॉर्चरी में रखवाया। एएसआई अशोक कुमार कलाल ने बताया कि परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। बुधवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। नितिन कुमार कलासुआ बतौर पंचायत सचिव चारवाड़ा और बलवनिया ग्राम पंचायतों में कार्यरत थे और दोनों गांवों के विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे थे। उनके आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। ग्रामीणों व सहकर्मियों ने उन्हें ईमानदार व कर्मठ अधिकारी बताया।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।